### मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में कहा, ऊर्जावान युवाओं को प्रोत्साहन देने में बैंकों की अहम भूमिका

# युवाओं को लोन देने में बैंक संकोच न करें : योगी

**समीक्षा**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। ऋण मेलों का यह क्रम आगे भी सतत जारी रहे। बैंक लोन देने में संकोच न करें। सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित कराएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा की। प्रदेश में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 फीसदी होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है।उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ' फैमिली आईडी' का जिक्र करते हुए कहा कि सभी बैंक, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का पूरा डेटा उपलब्ध कराएं। अटल पेंशन, जीवन ज्योति बीमा, जनधन सहित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने एक ग्राम पंचायत-एक बीसी सखी कार्यक्रम की सराहना की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

**बीसी सखियों की समस्या हल करें**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हालिया पेटीएम पेमेंट बैंक प्रकरण से उपजी स्थितियों से प्रभावित बीसी सखियों की समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाए। बैंकों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने और सीसीटीवी फुटेज को पुलिस व प्रशासन को जरूरत के अनुसार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि 2016-17 में प्रदेश में 12.80 लाख करोड़ का बैंकिंग बिजनेस था जो आज 26.80 लाख करोड़ के पार हो गया है। यह उत्साहजनक है।

**59** प्रतिशत सीडी रेशियो का लक्ष्य हुआ हासिल, अब 65 फीसदी लक्ष्य

**01** लाख किसान क्रेडिट कार्ड बांटे, 1111 बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ

## ऐसे बेहतर हुई प्रदेश की वित्तीय स्थिति

- वर्ष 2016-17 में बैंकों द्वारा प्रदेश में 137452 करोड़ ऋण वितरित किया गया था
- वर्ष 2022-23 में कुल 300430 करोड़ का ऋण दिया गया
- दिसंबर 2023 तक 298551 करोड़ का ऋण वितरित जा चुका है
- 7 वर्ष में 2,42,097 नए बैंकिंग आउटलेट की स्थापना।
- 7 वर्ष में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 167 लाख नए लाभार्थी जुड़े।
- सात वर्ष में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 459 लाख नए लाभार्थी जुड़े
- केंद्र पोषित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर पहुंच गया है

## आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को दिया राज्यांश

मुख्यमंत्री ने बड़ौदा-यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया। साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड, 1111 बैंकिंग आउटलेट का शुभारंभ और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित भी किया। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जनपद में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गांवों को अपनाने का प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया।